संपादक :- रंजीत सिंह

RNI No-UPHIN/2001/03844

साप्ताहिक

# राष्ट्रीय मानवाधिकार

संपर्क सूत्र- 9779193694, email- rashtriyamanvadhikar@gmail.com

वर्ष : 26 अंक : 49 | मेरठ, मंगलवार, 24 मार्च 2026 | पृष्ठः 04 | मूल्य : एक रूपया



# पश्चिम एशिया के कारण उपजे संकट का मिलकर करना है मुकाबला : मोदी

» नई दिल्ली। एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट को गम्भीर चिंता का विषय बताते हुए सोमवार को कहा कि कच्चे तेल एवं गैस की जरुरतों का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से पूरा होता है इसलिए भारत पर इसका असर स्वभाविक है लेकिन इस चुनौती का मिलकर और एकजुटता के साथ मुक़ाबला करने की जरूरत है।

श्री मोदी ने लोकसभा में पश्चिम एशिया की स्थिति पर वक्तव्य देते हुए कहा कि इस संकट के कारण भारत की चिंताएं स्वाभाविक है लेकिन भारत को एकजुट रहकर चुनौतियों का मुकाबला करना आता है। कोरोना संकट के समय की इसी तरह की चुनौती का हमने एकजुट रहकर सामना किया था और अब इस चुनौती का मुकाबला भी उसी तरह एकजुटता से करना होगा। पश्चिमी एशिया के देशों में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा का आश्वासन देते हुए उन्होंने कहा , " इन देशों में हमारे मिशन भारतीयों की मदद में जुटे हैं। प्रभावित देशों में हमारे मिशन लगातार भारतीयों की मदद में लगे हुए हैं। चाहे वहां काम करने वाले भारतीय हों या वहां गए पर्यटक, सभी को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। भारतीय मिशन नियमित रूप से इसको लेकर सलाह जारी कर रहे हैं। भारत और अन्य प्रभावित देशों में 24/7 सहायता कक्ष और आपातकालीन हेल्पलाइन स्थापित की गई हैं। इनके माध्यम से सभी प्रभावित लोगों को नवीनतम जानकारी दी जा रही है।"

उन्होंने कहा "संकट के समय में भारत और विदेश में भारतीयों की सुरक्षा सर्वोपरि है। इस युद्ध की शुरुआत से ही प्रभावित देशों में रहने वाले प्रत्येक भारतीय को सहायता प्रदान की गई है। मैंने पश्चिम एशियाई देशों के अधिकांश राष्ट्राध्यक्षों से दो बार फोन पर बात की है। सभी ने भारतीयों की सुरक्षा का आश्वासन दिया है। यह दुखद स्थिति है कि संघर्ष के दौरान कुछ लोगों ने अपनी जान गंवाई है और कुछ घायल हुए हैं।" प्रधानमंत्री ने युद्धग्रस्त और संघर्ष से प्रभावित देशों के साथ भारत के व्यापक व्यापारिक संबंध का ज़िक्र करते हुए कहा , "जिस क्षेत्र में संघर्ष चल रहा है, वह विश्व के अन्य देशों के साथ हमारे व्यापार का एक महत्वपूर्ण मार्ग भी है। यह क्षेत्र विशेष रूप से कच्चे तेल और गैस की जरुरतों के लिए हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसके अलावा यह क्षेत्र हमारे लिए इस कारण से भी महत्वपूर्ण है कि खाड़ी देशों में लगभग एक करोड़ भारतीय काम करते हैं।

## मोदी सिर्फ एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचार, एक संस्था हैं: शिवराज



» एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री और अब देश के प्रधानमंत्री के तौर पर सरकार प्रमुख के रूप में नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल के 8,931 दिन पूरे कर लिए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सिर्फ एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचार, एक संस्था हैं। दिन-रात काम करना और उनकी परिश्रम की परिकाष्ठा ने इसका एक ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया है कि मन गर्व और आनंद से भर जाता है। शिवराज ने भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी प्रधानमंत्री बने और इसके बाद देश के विकास के एक नए युग का प्रारंभ हुआ। मोदी के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। वो राष्ट्र के आराधक और जनता के सेवक हैं। यही उनके कार्यों की मूल प्रेरणा है।

बीते दिनों की यादें ताजा करते हुए उन्होंने कहा कि जिस दिन उनकी माताजी का स्वर्गवास हुआ था, बेहद सादगीपूर्ण तरीके से अंतिम संस्कार संपन्न हुआ और हमने देखा कि जो प्रधानमंत्री मोदी का पूर्व निर्धारित कार्यक्रम था और वो रेलवे के उस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर झंडी दिखा रहे थे। ये अपने आप में अद्भुत घटना है। उन्होंने कहा कि साल 2011, 2012, 2013 के वो काले दिन थे, जब चारों तरफ घोटालों का शोर सुनाई पड़ता था। बेइमानी, भ्रष्टाचार घोटाले सब चरम सीमा पर थे। उन दिनों भ्रष्टाचार ही देश की पहचान बन गई थी। जनता हताश और निराश थी।

निराशा के इस अंधकार में आशा और विश्वास के प्रतीक बनके निकले मोदी। देश में चारों तरफ सिर्फ मोदी-मोदी। शिवराज ने कहा कि एक जमाना था, जब निवेशकों को कहा जाता था कि गुजरात मत जाना। गुजरात कभी भयानक सूखे से जूझता था। नर्मदा का जल समुद्र में बह जाता था और सरदार सरोवर डैम वर्षों तक राजनीति में अटका रहा। फिर मोदी ने गुजरात के कायाकल्प का संकल्प लिया।

## भारत के पास उर्वरकों का पर्याप्त भंडार, इथेनॉल मिश्रण से तेल आयात कम करने में मिल रही मदद

» एजेंसी। नई दिल्ली

भारत के पास उर्वरकों का पर्याप्त भंडार मौजूद है और आयात विविध बना हुआ है। यह बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को दिया। संसद को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरकार ने उर्वरकों का पर्याप्त भंडार रखा है। लोकसभा में पश्चिम एशिया संकट पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, "हमने पिछले वर्षों में किसानों की सहायता के लिए कई कदम उठाए हैं।

उर्वरक आयात में विविधता लाई गई है। हमने किसानों को 'मेक इन इंडिया उर्वरक' का विकल्प भी दिया है।" सरकार ने खरीफ मौसम के लिए किसानों पर पड़ने वाले प्रभाव और उनकी उर्वरक आवश्यकता का आकलन किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में उर्वरकों का पर्याप्त भंडार बनाए रखने के लिए उठाए गए कदम समय पर उपलब्धता और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि डीजल पर निर्भरता कम करने के लिए किसानों को 22 लाख से अधिक सौर पंप दिए गए हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में इथेनॉल मिश्रण और उत्पादन पर भारत का ध्यान भी फलदाई साबित हो रहा है। उन्होंने कहा, "इथेनॉल के मिश्रण के कारण, अब हम प्रतिवर्ष 4.5 करोड़ बैरल तेल का आयात कम करते हैं।" उन्होंने आगे कहा, "केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों को 15,000 ई-बसें दी हैं क्योंकि वैकल्पिक ईंधनों पर हमारा ध्यान भविष्य को सुरक्षित बना रहा है।" प्रधानमंत्री के मुताबिक, "आज ऊर्जा अर्थव्यवस्था की रीढ़ है।

## आचार्य बालकृष्ण संक्षिप्त याचिका पेश करें: हाईकोर्ट

» एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को आचार्य बालकृष्ण से ऑनलाइन सामग्री हटाने संबंधित अपने आग्रह को छोटा करने को कहा। हाईकोर्ट ने कहा कि उनकी याचिका बहुत बड़ी है। इसलिए याचिका पर सुनवाई उसके मौजूदा प्रारूप पर नहीं की जा सकती। अपील पर मंगलवार को फिर सुनवाई होगी।न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि एक सार्वजनिक व्यक्ति (पब्लिक फिगर) को आलोचना, सटायर व कमेंट्री के लिए अपने विचारों को खुला रखना चाहिए। अदालत खास मामलों की जांच किए बिना सामग्री हटाने के लिए एकमुश्त आदेश नहीं दे सकती। बालकृष्ण ने डीपफेक वीडियो व दूसरे गलत डिजिटल कंटेंट के जरिए अपनी तस्वीर व आवाज के गलत इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए एक याचिका दायर की है।

## जनता की समस्याओं पर की जाए त्वरित कार्रवाही, जिम्मेदारी तय करने के निर्देश

» एजेंसी। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैम्प कार्यालय 7-कालीदास मार्ग पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्याओं के त्वरित एवं सम्पूर्ण समाधान के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि "हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव निदान सुनिश्चित किया जाएगा"।



उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक प्रकरण को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए तथा समाधान ऐसा हो कि पीड़ित व्यक्ति को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। जनता दर्शन के दौरान उप मुख्यमंत्री ने स्वयं आगे बढ़कर फरियादियों से संवाद स्थापित किया और एक-एक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने कई मामलों में सम्बंधित अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर तत्काल आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने विशेष रूप से भूमि विवाद, अवैध कब्जे, उत्पीड़न, दुर्घटनाओं, विद्युत, सड़क निर्माण, आवास आवंटन, शिक्षा एवं स्वास्थ्य से जुड़े मामलों को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए कहा कि किसी भी प्रकरण में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी। जहां आवश्यकता हो, वहां कठोर कार्रवाही भी सुनिश्चित की जाए।

उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण हेतु जवाबदेही तय की जाए और कार्यवाही की नियमित मॉनिटरिंग की जाए, जिससे शासन की मंशानुरूप पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो सके। इस दौरान महिलाओं, दिव्यांगजनों एवं बुजुर्गों की समस्याओं को विशेष प्राथमिकता देते हुए उनके प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

जनता दर्शन कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने भूमि पर कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, अभियुक्तों की गिरफ्तारी, सड़क एवं बिजली से संबंधित समस्याओं सहित अनेक समस्यायें रखी, जिन पर उप मुख्यमंत्री ने तत्परता दिखाते हुए अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाही के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो, जिससे आमजन में शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो सके।

## सम्पादकीय

### मौतें सबसे स्वच्छ शहर पर कलंक

यह शर्मनाक है कि जिस शहर को पिछले सात सालों से देश के सबसे स्वच्छ शहर का तमगा दिया जा रहा था, वहां पेयजल में सीवर का पानी मिल जाने से एक दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो जाए। बताया जाता है कि इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति करने वाली पाइपलाइन में सीवर के पानी के रिसाव से हजारों लोगों का जीवन खतरे में पड़ गया। घटनाक्रम के बाद सौ के करीब लोग अस्पताल में भर्ती हुए और सैकड़ों लोग दूषित पेयजल के उपयोग से बीमार हैं। वैसे भी किसी सभ्य समाज में व्यक्ति आत्मग्लानि से यह सुनकर बीमार हो जाएगा कि जिस पानी को उसने उपयोग किया, उसमें सीवर का गंदा पानी मिला था। निस्संदेह, यह गंभीर प्रशासनिक लापरवाही ही है, जिसके चलते हजारों लोगों का जीवन संकट में पड़ गया। नगर निगम ही नहीं, इस महकमे से जुड़े सभी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। दरअसल, इंदौर लगातार भारत के सबसे स्वच्छ शहर का दर्जा हासिल करता रहा है तो इस दुर्घटना ने पूरे प्रकरण को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मीडिया की सुर्खी बना दिया। इस दुखद स्थिति के चलते मानवाधिकार आयोग और मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय को हस्तक्षेप करने के लिये बाध्य होना पड़ा। विडंबना यह है कि नागरिकों ने पहले ही दूषित पेयजल आपूर्ति की शिकायत की थी, लेकिन नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिये जवाबदेह अधिकारी तब हरकत में आए, जब कई लोगों की जान जा चुकी थी। यहां तक कि इस निर्वाचन क्षेत्र के प्रतिनिधि और राज्य के नगरीय विकास मंत्री, जिनके अधीन पेयजल आपूर्ति का महकमा आता है, उनकी संवेदनहीन बयानबाजी ने लोगों का आक्रोश बढ़ाया है। हालांकि, तल्ख आलोचना के बाद मंत्री ने खेद जताया है। यहां तक कि इस घटना के बाद मध्यप्रदेश की मुख्यमंत्री रह चुकी वरिष्ठ भाजपा नेत्री उमा भारती ने भी दोषियों से प्रायश्चित करने व दंड देने की मांग की है। लेकिन सवाल यह है कि क्या कुछ छोटे स्तर के अधिकारियों के निलंबन और स्थानांतरण से इन मौतों के लिये जिम्मेदार लोगों का प्रायश्चित हो पाएगा? लेकिन विडंबना है कि यह समस्या केवल इंदौर तक ही सीमित नहीं है, बल्कि देश के छोटे-बड़े शहरों में गाहे-बगाहे दूषित जल आपूर्ति के मामले प्रकाश में आते रहे हैं। दुर्घटना के बाद जांच समितियों का गठन, मुआवजे की घोषणा और कनिष्ठ अधिकारियों का निलंबन मामले में लीपापोती का उपक्रम बन चुका है। नववर्ष की पूर्व संध्या पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'सुधार, क्रियान्वयन और रूपांतरण' के मंत्र पर जोर दिया था। तब उन्होंने प्रक्रियाओं को सरल बनाने और जीवनयापन को सुगम बनाने के लिये प्रणालियों को अधिक अनुकूल बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया था।

# हर पात्र आवंटी तक ओटीएस का लाभ पहुंचे, यही हमारी प्राथमिकता: नंद किशोर कलाल

» संवाददाता



गाजियाबाद। प्रदेश सरकार द्वारा बकायेदार आवंटियों को राहत देने के उद्देश्य से लागू की गई एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) को प्रभावी बनाने के लिए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने अपनी सक्रियता तेज कर दी है। सोमवार को जीडीए उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को इसका लाभ मिल सके। बैठक में उपाध्यक्ष ने कहा कि ओटीएस योजना के तहत बकायेदारों को ब्याज में छूट का लाभ दिया जा रहा है, जिससे वे अपनी लंबित देनदारियों का निस्तारण आसानी से कर सकें। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी अपनी-अपनी योजनाओं में लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर पात्र आवंटियों तक योजना की जानकारी पहुंचाएं। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रह जाए।

उपाध्यक्ष ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार योजना का प्रचार-प्रसार एक माह के भीतर व्यापक स्तर पर किया जाना अनिवार्य है। इसके लिए ई-मेल, एसएमएस, पत्राचार, शिविरों का आयोजन, होर्डिंग और बैनर जैसे विभिन्न माध्यमों का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि 28 मार्च तक योजना के प्रचार-प्रसार से संबंधित प्रारंभिक रिपोर्ट अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए। इसके बाद 4 अप्रैल, 11 अप्रैल और 18 अप्रैल को साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि योजना के तहत किए गए सभी प्रयासों का विस्तृत रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा, जिससे योजना की प्रगति का मूल्यांकन प्रभावी ढंग से किया जा सके। जिलाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है कि वे इस योजना के सफल क्रियान्वयन में समन्वय स्थापित करते हुए सक्रिय भूमिका निभाएं।

इसी बैठक में प्रदेश सरकार की इंटीग्रेटेड टाउनशिप नीति-2005/2014 के अंतर्गत बिल्डरों द्वारा प्रस्तुत संशोधित डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) पर भी चर्चा की गई। जीडीए सभागार में आयोजित इस प्रस्तुतीकरण में बिल्डरों ने अपने-अपने समूह आवासीय परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, प्रस्तावित संशोधन और विकास कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। जीडीए उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने प्रस्तुत डीपीआर का गहन परीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि सभी परियोजनाएं शासन द्वारा निर्धारित नीतियों और दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही संचालित की जाएं। उन्होंने विशेष रूप से गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जीडीए सचिव विवेक कुमार मिश्रा, अपर सचिव प्रदीप कुमार सिंह, सीएटीपी अरविंद कुमार, टीपी राजीव रत्न शाह, एई दीप्ति चौहान सहित अन्य अधिकारी और बिल्डर उपस्थित रहे। सभी ने परियोजनाओं को शीघ्र गति देने और विकास कार्यों को समय पर पूरा करने का भरोसा दिया।

# विश्व हिंदू महासंघ ने सौंपा ज्ञापन



» संवाददाता

शामली। विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारियों ने सोमवार को कलक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शहर के एक प्रमुख एवं व्यस्ततम चौक का नाम वंदे मातरम् चौक रखने की मांग की गई।

ज्ञापन में कहा गया कि वंदे मातरम् गीत की 151वीं वर्षगांठ तथा शहीद-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के 95वें शहादत दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी जनपदों में एक-एक प्रमुख चौक का नाम वंदे मातरम् चौक रखा जाना चाहिए। संगठन ने अपने ज्ञापन में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा का हवाला देते हुए कहा कि वंदे मातरम् केवल एक नारा नहीं, बल्कि देश के स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। इस उद्घोष ने स्वतंत्रता सेनानियों में अद्भुत ऊर्जा और बलिदान की भावना उत्पन्न की थी। विश्व हिंदू महासंघ ने प्रस्ताव रखा कि नामित चौक को शहीदों की स्मृति में विकसित किया जाएगा, जहां शहीदों के चित्र, तिरंगा ध्वज, भारत माता की प्रतिमा, यातायात संकेतक एवं वंदे मातरम् गीत की पट्टिका स्थापित की जाएगी। मौके पर जिलाध्यक्ष रविंद्र सिंह कालखण्डे, पंकज वालिया, अंकुर तोमर, प्रदीप मलिक, कपिल पंवार, रामकुमार आदि मौजूद रहे।

## गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल कैडेट्स सम्मानित

» संवाददाता

बडौत। 74 यूपी बटालियन एनसीसी बड़ौत के कैडेट्स ने नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस में प्रतिभाग किया था। इन सभी कैडेट्स का कैम्प पर स्वागत व सम्मान किया गया। यूनिट के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सौरभ सक्सेना ने कैडेट्स और उनके प्रशिक्षकों को सम्मानित किया। यूनिट के एसयूओ जैकी (जेवी कॉलेज) ने गार्ड ऑफ ऑनर में अपने प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया।

उन्हें ऑल इंडिया बेस्ट पायलट के प्रतिष्ठित खिताब से नवाजा गया।उन्हें डीजी एनसीसी कमैंडेशन कार्ड प्रदान किया गया। वहीं, एसयूओ राजा नैन (जेवी कॉलेज) ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पीएम रैली में अपनी कलात्मक और अनुशासित प्रस्तुति से डीजी मेडल अपने नाम किया। कैडेट विकुल तोमर (जेवी कालेज) ने भी पीएस रैली में शानदार ड्रिल प्रदर्शन के माध्यम से डीजी मेडल हासिल कर यूनिट का मान बढ़ाया।

नारी शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हुए जेवी कालेज की मेधावी कैडेट रिया जावला ने कर्तव्य पथ पर ऐतिहासिक मार्चिंग परेड का हिस्सा बनकर डीजी मेडल प्राप्त किया। सूबेदार हरताज सिंह को भी कर्नल सौरभ सक्सेना द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कमान अधिकारी ने आर्मी डे परेड की तीन छात्राओं, थल सेना कैम्प में भाग लेने वाले चार छात्र-छात्राओं तथा निशानेबाजी में शानदार प्रदर्शन करने वाले चार कैडेट्स को भी सम्मानित किया था।

### कलश यात्रा निकालकर यज्ञ महोत्सव का शुभारंभ

» संवाददाता

दाहा। बामनौली गांव के ठाकुरद्वारा मंदिर में यज्ञ महोत्सव के शुभारंभ पर ढ़ोल नगाड़ों के साथ महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। गांव की सुख शांति के लिए ने 111 कुंडीय महारुद्र यज्ञ किया। बामनौली गांव में स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर में सोमवार को श्री श्री 1008 केशवानंद गिरी के नेतृत्व में यज्ञ महोत्सव का आयोजन किया गया। ठाकुरद्वारा मंदिर से 111 महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर गांव में कलश यात्रा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा ठाकुरद्वारा मंदिर होती हुई पट्टी चौधरी से तरले हेर होती हुई वापस मंदिर पर पहुंच कर सम्पन हुई। मंदिर में महाराज केशवानंद गिरी ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई ।

### महिला सशक्तिकरण पर शिविर का आयोजन

» संवाददाता

बागपत। शहर के सम्राट पृथ्वीराज चौहान डिग्री कॉलेज में सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से महिला सशक्तिकरण को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अंकिता सिंह ने कहा कि महिलाएं देश की शक्ति है। उन्होंने छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि हमें अपनी बातों को स्पष्ट रूप से रखनी चाहिए, किसी भी तरह का भय नहीं होना चाहिए। किसी भी सलाह के लिए हमेशा तत्पर है।

### तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

खेकड़ा। शनिवार की ईद उल फितर के अवकाश के कारण सोमवार को जनपद की तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुए। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने खेकड़ा तहसील में शिकायतें सुनी। विभिन्न विभागों की 12 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिसमें दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

# डीएम ने लोगों की शिकायतें सुनी

» संवाददाता

बुलंदशहर। जनपद की सभी तहसीलों में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम श्रुति की अध्यक्षता में तहसील सदर में आयोजित समाधान दिवस में कुल 28 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 4 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने पुलिस से संबंधित मामलों में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। खुर्जा तहसील परिसर एसडीएम प्रतीक्षा पाण्डेय ने शिकायतें सुनी। कुल 28 शिकायतें प्राप्त हुईं, लेकिन किसी भी शिकायत का मौके निस्तारण नहीं हो सका। सिकंदराबाद तहसील सभागार में एसडीएम दीपक कुमार पाल की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मात्र 4 शिकायतें आई। शिकायतों में 2 राजस्व, 2 पालिका की दर्ज की गई। एसडीएम ने एक शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया ।अनूपशहर तहसील सभागार में एसडीएम प्रियंका गोयल ने शिकायतें सुनी। मौके पर 27 शिकायती पत्र प्रस्तुत किए गए। जिसमें मौके पर मात्र 1 समस्या का निस्तारण किया गया। मौके पर सीओ विकास प्रताप सिंह चौहान, तहसीलदार संजय कुमार सहित तहसील स्तर के अधिकारी मौजूद रहे ।शिकारपुर तहसील में एडीएम फाइनेंस अभिषेक कुमार सिंह और एसडीएम अरुण कुमार वर्मा ने शिकायतें सुनी। मौके पर 59 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से मात्र 09 शिकायतों का मौके पर समाधान कर दिया गया ।डिबाई तहसील सभागार में एसडीएम मनीष कुमार अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें 15 फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज की गई। मौके पर 2 शिकायत का निस्तारण हो सका। सीओ मधुप कुमार सिंह सहित तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे ।स्याना तहसील में एडीएम प्रशासन प्रमोद पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इसमें कुल 15 लोगों द्वारा अपने शिकायती पत्र दिए गए, जिसमें मौके पर तीन शिकायतों का निस्तारण किया गया। एसडीएम रविन्द्र प्रताप सिंह और सीओ रामकरण सिंह ने भी फरियादियों की समस्याएं सुनी।

## ग्रामीण बच्चों को मिली निशुल्क शैक्षिक किट

» संवाददाता

शामली। ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की लौ जलाने और बच्चों को आधुनिक संसाधनों से जोड़ने के उद्देश्य से 'डीवी सिंह फाउंडेशन' ने सोमवार को एक बार फिर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। फाउंडेशन द्वारा प्राथमिक विद्यालय मखमूलपुर-2 में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को निशुल्क शैक्षिक सामग्री वितरित की गई। इस दौरान जहाँ बच्चों के चेहरे स्कूल बैग और स्टेशनरी पाकर खिल उठे, वहीं विद्यालय को डिजिटल युग से जोड़ने के लिए एक आधुनिक डेस्कटॉप कंप्यूटर भी भेंट किया गया।

सोमवार को विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों के उत्साह का कोई ठिकाना नहीं था। फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने प्रत्येक छात्र-छात्रा को एक-एक कर स्कूल बैग, कॉपियां, पेंसिल, रबर, कटर, स्टेशनरी किट, कलर और ड्राइंग बुक सहित अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई।

इस वितरण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि संसाधनों की कमी किसी भी बच्चे की शिक्षा में बाधा न बने। कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने विद्यालय प्रशासन को एक आधुनिक डेस्कटॉप कंप्यूटर भी सौंपा। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को आईसीटी और डिजिटल शिक्षा से जोड़ना समय की आवश्यकता है। फाउंडेशन का उद्देश्य है कि बच्चे प्रारंभिक स्तर से ही तकनीक से परिचित हो सकें, ताकि वे भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें और कंप्यूटर शिक्षा का लाभ उठा सकें। विद्यालय परिवार ने फाउंडेशन के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया।

# नमो भारत कनेक्ट मोबाइल ऐप द्वारा सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा का लाभ ले रहे लाखों यात्री

» संवाददाता

मेरठ। नमो भारत कनेक्ट मोबाइल ऐप यात्रियों के लिए सुविधाजनक एवं सुगम यात्रा अनुभव सुनिश्चित कर रहा है। नमो भारत की बढ़ती लोकप्रियता के साथ ही इस ऐप का उपयोग करने वाले यात्रियों की संख्या में भी लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। नमो भारत कनेक्ट ऐप के उपयोगकर्ताओं की संख्या साढ़े तीन लाख के आंकड़े को पार कर चुकी है। विगत माह फरवरी 2026 तक 3 लाख 61 हजार से अधिक लोग इस ऐप में उपलब्ध डिजिटल क्यूआर टिकट से लेकर रियल-टाइम ट्रेन ट्रैकिंग जैसी कई महत्वपूर्ण सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं।




इस ऐप के माध्यम से यात्री बिना टिकट काउंटर पर लाइन लगाए, आसानी से नमो भारत और मेरठ मेट्रो की यात्रा के लिए डिजिटल क्यूआर टिकट खरीद सकते हैं। पिछले तीन महीनों में ऐप के जरिए 6 लाख 70 हज़ार से ज़्यादा डिजिटल टिकटों की बिक्री दर्ज की गई है। वहीं फरवरी 2026 तक नमो भारत कनेक्ट ऐप के माध्यम से यात्रियों द्वारा कुल 24 लाख 70 हज़ार से ज्यादा डिजिटल टिकट खरीदे जा चुके हैं। डिजिटल क्यूआर टिकट के अलावा, नमो भारत कनेक्ट ऐप यात्रियों के लिए रियल-टाइम ट्रेन ट्रैकिंग, पार्किंग की स्थिति की रियल-टाइम जानकारी, खोया-पाया सुविधा, शिकायत निवारण प्रणाली, महिला सुरक्षा सहायता, यात्री हेल्पलाइन और दिव्यांगजनों के लिए एक्सेसिबिलिटी सहायता जैसी कई विशेष सेवाएं उपलब्ध करा रहा है।

ऐप का लाइव ट्रेन ट्रैकिंग फीचर यात्रियों को ट्रेन की वर्तमान स्थिति और आगमन समय का सटीक अपडेट प्रदान करता है। यह फीचर आगामी 30 मिनट की समयावधि के लिए ट्रेन की करंट लोकेशन, अगले स्टेशन और अनुमानित आगमन समय की जानकारी प्रदान करता है, जिससे यात्री अपनी यात्रा की योजना को बेहतर बना सकते हैं। इसके साथ ही, नमो भारत स्टेशन से आगे उनके गंतव्य तक सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए ऐप में लास्ट माइल कनेक्टिविटी का विकल्प भी उपलब्ध है। इसके माध्यम से यात्री फीडर बस सेवाओं की जानकारी प्राप्त करने के साथ ही, लास्ट-माइल कनेक्टिविटी प्रदाताओं जैसे रैपिडो की सेवा का लाभ भी उठा सकते हैं। इसी तरह ऐप का लाइव पार्किंग स्टेटस फीचर यात्रियों को वास्तविक समय में नमो भारत स्टेशनों पर पार्किंग की उपलब्धता की जानकारी प्रदान करता है। इसके माध्यम से यात्री रियल टाइम में यह देख सकते हैं कि पार्किंग में वाहनों के लिए स्थान उपलब्ध है या नहीं और उसके अनुसार यह निर्णय ले सकते हैं कि वाहन कहाँ पार्क करना है। यह सुविधा उन लोगों के लिए विशेष रूप से एक गेमचेंजर है जो अपने निजी वाहनों से नमो भारत स्टेशन तक पहुँचते हैं। उदाहरण के तौर पर, यदि आपको गुलधर नमो भारत स्टेशन से अपनी यात्रा शुरू करनी है और अपने वाहन के लिए पार्किंग स्पेस की आवश्यकता है, तो आप ऐप के इस फीचर के जरिए यह जान सकते हैं कि स्टेशन की कुल वाहनों की पार्किंग क्षमता में से दुपहिया और कार पार्किंग के कितने स्थान खाली हैं और कितने भरे हुए हैं।

## क्रांतिकारियों ने हमें यह सिखाया कि देशहित सर्वोपरि है: संगीता

» संवाददाता

मेरठ। शहीद दिवस के अवसर पर चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने महान क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने कहा कि शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का भारत की स्वतंत्रता संग्राम में अतुलनीय योगदान रहा है। उन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को आज़ादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका बलिदान केवल इतिहास का हिस्सा नहीं, बल्कि वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि इन महान क्रांतिकारियों ने हमें यह सिखाया कि देशहित सर्वोपरि है और इसके लिए किसी भी प्रकार का त्याग छोटा नहीं होता।

कुलपति ने कहा कि आज के युवाओं को शहीदों के आदर्शों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे देशभक्ति, निष्ठा और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, ताकि एक सशक्त और समृद्ध भारत का निर्माण किया जा सके।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार यादव, प्रोफेसर मृदुल कुमार गुप्ता, प्रोफेसर बीरपाल सिंह, प्रोफेसर राकेश कुमार शर्मा, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद की अध्यक्ष प्रोफेसर नीलू जैन गुप्ता, समन्वयक प्रोफेसर कृष्णकांत शर्मा, प्रोफेसर विग्नेश कुमार त्यागी, डॉ. विवेक कुमार, डॉ. कुलदीप कुमार त्यागी, डॉ. वैशाली पाटिल, डॉ. धर्मेंद्र कुमार तथा प्रेस प्रवक्ता मितेंद्र कुमार गुप्ता सहित विश्वविद्यालय के अनेक शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गुरु तेग बहादुर ने स्पोर्ट्स स्टार को हराया

» संवाददाता

मेरठ। गुरु तेग बहादुर क्रिकेट एकेडमी में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को गुरु तेग बहादुर क्रिकेट एकेडमी और स्पोर्ट्स स्टार टीम के बीच मैच हुआ। इसमें गुरु तेग बहादुर क्रिकेट एकेडमी ने जीत प्राप्त की।

गुरु तेग बहादुर स्कूल क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 23.3 ओवर में 227 रन बनाए। इसमें कुणाल ने 54, आयुष ने 44, शिवम ने 40 रन बनाए। गेंदबाजी में अवि ने 4, आदित्य ने दो और अर्जुन, आइस ने एक एक विकेट लिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्टार स्पोर्ट्स इलेवन की टीम 25 ओवर में 220 रन ही बना सकी। इसमें समीर ने 43, अवि ने 40, अरनव ने 39 रन बनाए। गेंदबाजी में कुश ने 4, अरहान ने 3 विकेट लिए। मुख्य अतिथि भाजपा ने राकेश गौड और नासिर सैफी ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। क्रिकेट कोच अतहर अली ने बताया कि अब पानीपत में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए टीम का गठन किया जाएगा।

## समय को कोई वश में नहीं कर सकता : भाव भूषण

» संवाददाता

मेरठ। कैलाश पर्वत रचना के मुख्य जिनालय में चल रहे 48 दिवसीय भक्तामर विधान एवं पाठ के 44वें दिन सर्वप्रथम मंगलाष्टक सकलीकरण के पश्चात मंत्रोच्चारण पूर्वक भगवान आदिनाथ का अभिषेक शांतिधारा की गई। सोमवार को 421 परिवारों ने भक्तामर पाठ में पैमेला जैन हर्ष जैन, दीप्ति जैन, सुधीर जैन आदि भाग लेकर पुण्य अर्जन किया। विधान के मध्य मुनि भाव भूषण जी महाराज ने प्रवचन में कहा कि सूर्य सुबह आता है और शाम होते ही अस्तांचल में अस्त हो जाता हैं। आप हर वस्तु को अपने वश में कर सकते है लेकिन समय को कोई अपने वश में नही कर सकता है। जो वक्त निकल गया है वो दोबारा नहीं लौटता। इसलिए जीवन में सत्कर्म करके जीवन को सफल बना सकते है। कार्यक्रम में भगवान का स्वर्ण कलश से अभिषेक आदि जैन संजय जैन व शांतिधारा सुनील जैन सुनीता जैन द्वारा की गयी। दीप प्रज्वलन रीतु जैन, अदिति जैन रूपा जैन आदि ने किया।

सायंकाल में भगवान की आरती की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने मे मंदिर समिति के अध्यक्ष जीवेंद्र जैन, महामंत्री मुकेश जैन सर्राफ, कोषाध्यक्ष राजेंद्र जैन महाप्रबंधक मुकेश जैन, मनोज जैन, प्रेम, विपिन शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।

## शहीद दिवस पर बलिदानियों को किया नमन

» संवाददाता

मेरठ। भगवती कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शहीद दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में शहीद शिरोमणि भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु को नमन कर बलिदान दिवस मनाया गया। साहित्यिक-सांस्कृतिक परिषद के तत्वावधान में भगवती कालेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. दीपक पिपलानी, संयम बंसल, एडवोकेट ध्रुव रस्तोगी, प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार अग्रवाल ने शहीद भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरु के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। महाविद्यालय के समस्त विभागाध्यक्षों, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं ने फूल चढ़ाकर वीर शहीदों को नमन किया।

## रूसी मंत्री ने बायोगैस प्लांट का किया निरीक्षण

» संवाददाता

मेरठ। भारत और रूस के बीच गहरे होते व्यापारिक और तकनीकी संबंधों की कड़ी में सोमवार को रूसी सरकार के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने सकौती के पास मोहिनीपुर स्थित महलका बायोएनर्जी प्लांट का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे रूसी मंत्री सर्गेई चेरमिन ने निरीक्षण के दौरान भारत के बढ़ते डिजिटलीकरण और आत्मनिर्भरता की प्रशंसा की। मंत्री सर्गेई चेरमिन ने कहा कि बायो एनर्जी प्लांट जैसी इकाइयां भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना रही हैं। उन्होंने गीले कचरे से स्वच्छ ऊर्जा बनाने की भारतीय क्षमता को सराहा। रूसी प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि इस तकनीक से न केवल पर्यावरण स्वच्छ होगा, बल्कि किसानों को सस्ती और प्रभावी ऑर्गेनिक खाद उपलब्ध होगी, जिससे रसायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होगी। मंत्री ने संकेत दिया कि रूस की तकनीक और भारत की कार्यक्षमता मिलकर ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में बड़ी क्रांति ला सकते हैं। महलका बायो एनर्जी प्लांट के प्रवीण जैन और अभिषेक जैन ने बताया कि यह प्रोजेक्ट भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। प्रवीण जैन ने रूसी प्रतिनिधिमंडल को निर्माणाधीन महलका बायोएनर्जी प्लांट के बारे में जानकारी दी। मेयर हरिकांत अहलूवालिया, सहारनपुर मेयर अजय सिंह, महलका बायो एनर्जी टीम के डॉ. उमेश कुमार पटेल, अरुण कुमार जैन, प्रवीण कुमार जैन और अन्य सदस्यों ने रूसी डेलीगेशन का स्वागत किया।

## सम्पूर्ण समाधान की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डीएम

» संवाददाता

मेरठ। सोमवार को तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम व जिले के अन्य अधिकारियों ने सरधना पहुंचकर लोगों की शिकायते सुनी। इस उन्होंने अधिकारियों से आमजन की शिकायतों का तुरंत और गुणवत्तापरक निस्तारण करने का निर्देश दिए। स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और यदि अधिकारी इसका पालन नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएम डा. वीके सिंह की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 41 शिकायतें दर्ज हुईं। जिनमें से दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।



बाकी शिकायतों को समय सीमा के भीतर निपटाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है और यह सुनिश्चित करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि कोई भी शिकायत लंबित न रह जाए। इस दौरान प्राप्त शिकायतों में चकरोड पर अवैध कब्जा हटवाने, भूमि की पैमाइश कराने, पेंशन की मांग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, समाज कल्याण विभाग, विकास विभाग और चकबंदी से संबंधित विभिन्न शिकायतें शामिल थीं। अधिकारियों ने जिलाधिकारी को शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए समयबद्ध योजना प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि प्रशासन का मूल उद्देश्य जनता की समस्याओं का समाधान करना है और अधिकारी इसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर कार्य करें। इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, एसपी देहात अभिजीत कुमार, सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया, एसडीएम सरधना उदित नारायण सेंगर, सीओ आशुतोष कुमार आदि मौजूद थे।

## वार्षिक परीक्षा परिणाम देखकर खिले मेधावियों के चेहरे

» संवाददाता

मेरठ। दशरथपुर स्थित कुसुम पब्लिक स्कूल में सोमवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहने पर विद्यार्थियों और अभिभावकों के चेहरे खिल उठे। विद्यालय के डायरेक्टर चांदवीर सिंह और रीमा तोमर ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसके बाद विद्यालय का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण, रजत, कांस्य पदक देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 11 में बायो विषय में अनन्या, मैथ्स में रब्बानी, कॉमर्स में फातिमा, ह्यूमैनिटी में उजरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# इनोवेशन के लिए उद्योग, शिक्षा जगत, सरकार के बीच मजबूत सहयोग जरूरी: राकेश संगराई

## भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका अहम

» एजेंसी। गुरुग्राम

भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की भूमिका अहम है। इसी उद्देश्य के साथ पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) की तरफ से एआई इन एक्शन इंडिया समिट का आयोजन किया गया। समिट में उद्योग जगत के जाने-माने लीडर्स, नीति-निर्माता, टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स और इनोवेटर्स एक साथ आए। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के तेजी से बदलते परिदृश्य और व्यापार, शासन तथा समाज पर इसके प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की।

इस अवसर पर पीएचडीसीसीआई के निदेशक राकेश संगराई ने इनोवेशन और विस्तार को बढ़ावा देने के लिए उद्योग, शिक्षा जगत और सरकार के बीच मजबूत सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया।




पीएचडीसीसीआई हरियाणा स्टेट चैप्टर के चेयरमैन सतीश देव जैन ने औद्योगिक और तकनीकी केंद्र के रूप में हरियाणा के बढ़ते महत्व पर अपनी बात रखते हुए एआई-आधारित विकास के अवसरों को बढ़ावा देने पर अपना दृष्टिकोण पेश किया। सेरेब्रेंट ग्रुप के सीईओ एवं कार्यक्रम चेयरमैन हरजीत सिंह ने मार्केटिंग, एनालिटिक्स और कस्टमर इंगेजमेंट में एआई के व्यावहारिक क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि संगठनों को डेटा-केंद्रित रणनीतियों को अपनाना चाहिए। निर्णय लेने की प्रक्रिया तथा कस्टमर अनुभवों को बेहतर बनाने के लिए एआई टूल्स का प्रभावी ढंग से उपयोग करना चाहिए। एक्सेंचर के एमडी अनुपम श्रीवास्तव ने व्यापारिक इनोवेशन को बढ़ावा देने, परिचालन दक्षता में सुधार को सक्षम बनाने में एआई की क्षमता के बारे में बात की। सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया के महानिदेशक अरविंद कुमार ने भारज के एआई इकोसिस्टम को मजबूत करने के उद्देश्य से शुरू की गई सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। इनमें स्टार्टअप्स के लिए समर्थन, इन्क्यूबेशन कार्यक्रम और डिजिटल बुनियादी ढांचे का विकास शामिल है। पीएचडीसीसीआई हरियाणा स्टेट चैप्टर के को-चेयर शिवम सलूजा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए एआई टेक्नोलॉजी का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए कौशल विकास, री-स्किलिंग (पुनः कौशल विकास) और कार्यबल की तत्परता की अत्यंत आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर एक विश्वसनीय और लचीला एआई इकोसिस्टम बनान, शासन, बुनियादी ढांचा और डीपीआई विषय पर एक पैनल चर्चा भी आयोजित की गई।



### छात्रा मानसी ने नायब सिंह सैनी की रियलिस्टिक पेंटिंग बनाकर की भेंट

» एजेंसी। गुरुग्राम

नौरंगपुर गांव की दसवीं कक्षा की छात्रा मानसी ने लॉकडाउन के दौरान घर बैठे पेंटिंग बनाना सीखा और आज अपनी कला से लोहा मनवा रही हैं। मानसी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की गुलाबी पगड़ी वाली रियलिस्टिक पेंटिंग बनाकर रविवार को उन्हें भेंट की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पेंटिंग को देखकर सराहना की और मानसी के सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। छात्रा मानसी ने बताया कि कोरोना के समय में जब लॉकडाउन लगा था तो घर में खाली बैठे-बैठे टाइम पास नहीं होता था। उसने पेंटिंग बनाने की शुरुआत की। पहले तो रंगों से आकृतियां बनाने में थोड़ी परेशानी हुई। क्योंकि किसी भी आकृति को हूबहू रूप देना इतना आसान नहीं होता। देवी-देवताओं, महापुरुषों की पेंटिंग वह बना चुकी है। खाटू श्याम बाबा, हनुमानजी, कृष्ण जी की पेंटिंग भी उसने बनाई है।

### दलाल स्पोर्ट्स अकादमी 134 रन से जीती

» एजेंसी। गुरुग्राम

सेक्टर-74 स्थित लॉर्डस क्रिकेट मैदान पर सोमवार को खेले गए 40 ओवर के मुकाबले में दलाल स्पोर्ट्स अकादमी ने लॉर्डस क्रिकेट अकादमी को 134 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए दलाल स्पोर्ट्स ने 260 रन बनाए। लक्ष्य का पीछे करते हुए लॉर्डस की टीम 19 ओवर में 126 रन पर ही ऑल आउट हो गई। दलाल स्पोर्ट्स के लिए उत्कर्ष ने 88 और नकुल ने 76 रन बनाए। वहीं, लॉर्डस के कुशल शर्मा और शौर्य डुडेजा ने दो-दो विकेट लिए। लॉर्डस के कुशल शर्मा ने 21 और हितेश शर्मा ने 10 रन बनाए। टीम का अन्य कोई खिलाड़ी दहाई का आंकड़ा भी नहीं पार कर सका। दलाल स्पोर्ट्स के लिए अमरजीत ने चार विकेट लिए और मनोज, कपीश, लव और वंश को एक-एक विकेट मिला।

### टेक्नो-कल्चरल उत्सव का होगा आयोजन

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में नौ और 10 अप्रैल को वार्षिक टेक्नो-कल्चरल उत्सव एलिमेंट्स कलमायका का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए विश्वविद्यालय में तैयारियां शुरू हो गई हैं। कुलगुरू प्रो. राजीव कुमार ने आयोजन का आधिकारिक बैनर का अनावरण किया। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस साल के कार्यक्रम की थीम नवाभिव्यक्ति रखी गई है।

# मंगल सेन मंडल प्रशिक्षण कार्यशाला से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार

» एजेंसी। रोहतक

भारतीय जनता पार्टी, जिला रोहतक द्वारा हिन्दू कॉलेज में 21 एवं 22 मार्च को डॉ. मंगलसेन मंडल का 2 दिवसीय मंडल कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य आयोजन मंडल अध्यक्ष अमित मग्गू की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें मंगल सेन मंडल एवं बूथ स्तर के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने उत्साह, अनुशासन एवं पूर्ण समर्पण के साथ भाग लेते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने हेतु विभिन्न विषयों पर गहन एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पंजीकरण, स्वागत एवं जलपान से हुआ, जिसके पश्चात दीप प्रज्ज्वलन एवं वंदे मातरम् के माध्यम से राष्ट्रभावना का संचार किया गया तथा अध्यक्षीय संबोधन के माध्यम से कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया गया। पूरे आयोजन के दौरान




अनुशासन, समयबद्धता एवं संगठनात्मक गरिमा का उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिला। मंच संचालन मंडल महामंत्री मुकेश टक्कर ने किया। प्रथम दिवस के विभिन्न सत्रों में वक्ताओं ने संगठन के मूल स्वरूप, कार्यप्रणाली एवं विस्तार को लेकर व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। राजकमल सहगल ने कार्य पद्धति विषय पर संगठन की संरचना, कार्यशैली, अनुशासन, नियमित बैठकों की अनिवार्यता, प्रभावी संवाद, रिपोर्टिंग व्यवस्था एवं टीम वर्क के महत्व को विस्तार से समझाया तथा कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी एवं जवाबदेही के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

सुमिता भाटिया ने इतिहास व विकास विषय पर पार्टी की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की गौरवशाली यात्रा, संघर्ष, सिद्धांत एवं वैचारिक आधार को प्रस्तुत करते हुए कार्यकर्ताओं में गर्व एवं प्रेरणा का संचार किया तथा संगठन के मूल्यों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का आह्वान किया।

### गैस की किल्लत अफवाह, कालाबाजारी करने वालों पर प्रशासन सख्त

» एजेंसी। फरीदाबाद

जिले में घरेलू एलपीजी की किल्लत को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही खबरों को डीसी आयुष सिन्हा ने महज अफवाह करार दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में एचपीसीएल, इंडेन और भारत गैस की सभी 43 एजेंसियां पूरी क्षमता के साथ कार्य कर रही हैं और आपूर्ति शृंखला निर्बाध है। प्रशासन विपणन कंपनियों के साथ मिलकर स्थिति की लगातार निगरानी कर रहा है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कविता सिंह परिहार ने बताया कि कालाबाजारी रोकने के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं। 23 मार्च तक मारे गए छापे में घरेलू सिलिंडर के दुरुपयोग और अवैध रिफिलिंग के आरोप में अब तक 8 एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं। डीसी ने नागरिकों से अपील की है कि वे पैनिक बुकिंग या सिलिंडर का अनावश्यक संग्रहण न करें। प्रशासन अवैध भंडारण करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में ला रहा है।

# दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हो रहा समान विकास : डा. कृष्ण

» एजेंसी। जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा है कि वर्तमान केंद्र एवं प्रदेश सरकार दलगत राजनीति से ऊपर उठकर प्रदेश में समान रूप से विकास कार्य करवा रही है। जिससे समाज के प्रत्येक वर्ग को बिना किसी भेदभाव के लाभ मिल रहा है। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा रविवार को गांव झांज खुर्द की चैपाल में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इसके साथ साथ उन्होंने झांज खुर्द, झांज कलां, बड़ौदी, बरसोला, दरियावाला, ढांडा खेड़ी, जाजवान, ईंटलखुर्द, ईंटल कलां, ईक्कस तथा जलालपुर खुर्द सहित कई गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को पांच अप्रैल को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जींद में प्रस्तावित रैली में पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है ताकि हर नागरिक को चिकित्सा, शिक्षा एवं सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं सहजता से मिल सकें। सामुहिक विकास के लिए मौजूदा राज्य सरकार के पास पैसे की कोई कमी नहीं है।

डिप्टी स्पीकर ने कहा कि जींद विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं और प्रत्येक गांव में बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। विकास कार्यों को राजनीतिक सीमाओं से ऊपर उठा कर प्राथमिकता दी गई है, जिससे हर वर्ग को समान अवसर मिल सके। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि गांवों में लंबित विकास कार्यों के अस्टीमेट शीघ्र तैयार कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाया जाएगा। डा. मिड्ढा ने कहा कि गांवों का विकास भी शहरी तर्ज पर किया जा रहा है।

### शहादत दिवस पर साम्राज्यवाद विरोधी दिवस मनाया

» एजेंसी। पलवल

संयुक्त किसान मोर्चा, सीटू, सर्व कर्मचारी संघ और रिटायर्ड कर्मचारी संघ पलवल के संयुक्त तत्वावधान में जाट धर्मशाला में भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस को साम्राज्यवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान मोर्चा के नेता मास्टर महेंद्र सिंह चौहान ने की, जबकि संचालन सीटू नेता रमेश सौरोत ने किया। मुख्य वक्ता शिक्षाविद डॉ. रघुवीर सिंह ने कहा कि देश की आजादी हजारों युवाओं के बलिदान से मिली है, जिनमें भगत सिंह का नाम सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि भगत सिंह केवल आजादी ही नहीं, बल्कि शोषणमुक्त समाज की स्थापना चाहते थे, जहां जातिवाद, छुआछूत, धार्मिक और लैंगिक भेदभाव का अंत हो और सभी को समान अधिकार मिलें। धर्मचंद घुधेरा, हरेंद्र देशवाल, परविंद्र गुलिया, हरीशचंद वर्मा, देवीराम और महावीर मलिक ने भी अपने विचार रखे और युवाओं से भगत सिंह के विचारों पर चलने का आह्वान किया।

# दौड़ लगाकर स्वस्थ रहने का संदेश दिया

» एजेंसी। गुरुग्राम

सेक्टर-109 में रविवार को स्वस्थ और सामाजिक एकजुटता का अनूठा संगम देखने को मिला। राइज एंड शाइन-109 ने दूसरी वार्षिक मिनी मैराथन का आयोजन किया। इसमें 500 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लोगों ने दौड़ लगाकर स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरुकता का संदेश दिया।सुबह के समय आयोजित इस मैराथन में युवाओं, महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों तक ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन स्थल पर ऊर्जा और उत्साह का माहौल देखने लायक था। मैराथन के साथ-साथ योग सत्र और जुम्बा सेशन ने प्रतिभागियों को फिटनेस के प्रति प्रेरित किया, वहीं बच्चों के लिए विशेष गतिविधियां और वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग कोना भी बनाया गया था। कार्यक्रम में नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त विशाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं बल्कि समाज में आपसी जुड़ाव भी मजबूत करते हैं। उन्होंने सेक्टर-109 के विकास के लिए प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।इसके अलावा मुख्य स्वच्छता निरीक्षक संदीप और पार्षद सतपाल की मौजूदगी ने कार्यक्रम को और भी महत्वपूर्ण बना दिया। अधिकारियों ने नागरिकों को स्वच्छता, स्वास्थ्य और सामुदायिक सहभागिता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। प्रतिनिधि अमित गुप्ता ने बताया कि यह इस श्रृंखला का दूसरा आयोजन है और भविष्य में इसे और बड़े स्तर पर आयोजित करने की योजना है।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक रंजीत सिंह ने युरेशिया प्रिंटिग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी सूरज कुण्ड रोड, मेरठ-250001 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर कार्यालय : म0स0 1 सतीश चंद्र भवन, रिठानी पूठा रोड, निकट रेलवे क्रासिंग, मेरठ-250103 (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादक : रंजीत सिंह
आरएनआई नं0 UPHIN2001/03844